# विकसित यूपी का रोडमैप बनाने में जुटे अधिकारी

- संस्था डेलायट ने भी सेक्टरवार प्रतिनिधियों को तैनात किया
- 12 सेक्टरों के लिए नियोजन विभाग के अधिकारी भी लगाए

राब्यू, जागरण • लखनऊ : समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार कराने के लिए नीति आयोग की टीम भी जुट गई है। आयोग ने यूपी को विकसित बनाने के लिए तय किए गए 12 सेक्टरों के रोडमैप तैयार कराने के लिए अपने 11 प्रोग्राम निदेशकों को तैनात कर दिया है। ये प्रोग्राम निदेशक नियोजन विभाग द्वारा 12 सेक्टरों के लिए बनाई गई टीम और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर रोडमैप तैयार कराने में अहम भूमिका निभाएंगे।

नीति आयोग ने कृषि एवं संबद्ध विभाग तथा पशुधन संरक्षण सेक्टर के लिए नीलम पटेल, औद्योगिक विकास के लिए इश्तियाक अहमद, आइटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलाजी के लिए देबजानी घोष व युगल किशोर जोशी, पर्यटन के लिए भी युगल किशोर जोशी, नगर एवं ग्राम्य विकास के लिए अन्ना राय, अवस्थापना के लिए राजीव सिंह ठाकुर, संतुलित विकास के लिए डा. अंशु भारद्वाज, समाज कल्याण के लिए केएस रेजीमोन, स्वास्थ्य के लिए राजीव कुमार सेन, शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए डा. सोनिया पंत तथा सुरक्षा व सुशासन सेक्टर का रोडमैप तैयार कराने के लिए मेजर जनरल के नारायणन को तैनात किया है। ये सभी अधिकारी नीति आयोग में प्रोग्राम निदेशक के पद पर तैनात हैं।

इसी प्रकार यूपी को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही संस्था डेलायट ने सभी सेक्टर के लिए अपने प्रतिनिधियों को तैनात किया है। डेलाइट संस्था ने श्रीनिवास कुच्चिभोतला, हरीश चंद्रा, एस. अंजनी कुमार, अनमोल पुरी, देबाशीष विस्वास, सुमित मिश्रा, अनीस मंडल, स्वाती अग्रवाल, विक्रम आनंद, कमलेश व्यास तथा कार्तिक अप्पादुरई को दो सेक्टरों का रोडमैप तैयार कराने में सहयोग करने के लिए तैनात किया है।

विजन डाक्यूमेंट तैयार करने की अहम जिम्मेदारी निभा रहे नियोजन विभाग ने कृषि एवं संबद्ध सेक्टर में उप निदेशक डा. राजेश चौहान व अपर सांख्यिकी अधिकारी सैय्यद रजा इमाम, पशुधन संरक्षण में शोध अधिकारी डा. सज्जाद अहमद व अपर सांख्यिकी अधिकारी निखिल सक्सेना, औद्योगिक विकास में अपर निदेशक संजय कुमार श्रीवास्तव, आइटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलाजी में संयुक्त निदेशक अजंता देवी व सेक्टर एक्सपर्ट एसएसएम कुंवर उर्जस्वित, पर्यटन में निदेशक विजय कुमार अग्रवाल, नगर एवं ग्राम्य विकास में अपर निदेशक अरविंद कुमार वर्मा, अवस्थापना में वरिष्ठ शोध अधिकारी लाल बहादुर यादव, संतुलित विकास में संयुक्त निदेशक राजेश्वर मिश्रा, समाज कल्याण में संयुक्त निदेशक सुनील कुमार वर्मा, स्वास्थ्य में संयुक्त निदेशक अनिरुद्ध प्रताप सिंह, शिक्षा एवं कौशल विकास में वरिष्ठ शोध अधिकारी डा. राजश्री चौधरी तथा सेक्टर सुरक्षा एवं सुशासन में अपर निदेशक सुमन वाजपेयी को तैनात किया गया है।

नीति आयोग, डेलायट के साथ ही नियोजन विभाग के अधिकारी सेक्टरवार रोडमैप बनवाने के लिए संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे। नवंबर तक रोडमैप तैयार करते हुए नियोजन विभाग को सौंपा जाना है।